अमर उजाला २०-१२-२०२२

# हरियाणवी आर्केस्ट्रा, गिटार स्पर्धा में अंबाला द्वितीय



समारोह में दूसरे स्थान पर रहे गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के छात्रों को बधाई देते शिक्षक। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी की हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा की टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित 43वें इंटर जोनल युवा समारोह में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने महाविद्यालय पहुंचने पर टीम का स्वागत किया और बधाई दी। युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के अधिष्ठाता डॉ. राजेंद्र देशवाल ने बताया कि महाविद्यालय की हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा टीम ने वेस्टर्न इंस्ट्रुमेंटल सोलो, गिटार में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. चंद्रपाल पूनिया ने बताया कि हरियाणवी आर्केस्ट्रा टीम में राहुल बिट्टा, मनीष कुमार, करन बावा, हार्दिक, करन, रोहित, रमन, तुषार, राहुल भांकर, आकाश, साहिल और गिटार में गुरसिमर शामिल रहे। इस मौके पर डॉ. अनुराधा श्योकंद, डॉ. अमित कुमार, डॉ. मंजीत कौर, डॉ. अनीश, डॉ. रितु गुप्ता और डॉ. चंद्रपाल पुनिया उपस्थित रहे।